दिनांक–25.09.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- पैरालंपिक–2024 में पदक हासिल करने वाले प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों को एक करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि और शासकीय नौकरी मिलेगी ।
- सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पांच देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल।
- राज्य सैनिक बोर्ड की 20वीं बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार ने उठाये कई कदम।
- मौसम विभाग ने दी इंदौर, उज्जैन–जबलपुर समेत प्रदेश के 31 जिलों में आज तेज बारिश की चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**पैरालंपिक नौकरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जिन दिव्यांग खिलाड़ियों ने पैरालंपिक–2024 में पदक हासिल किये हैं, उन्हें एक करोड़ रूपये प्रोत्साहन राशि और शासकीय नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही जिन दिव्यांग खिलाड़ियों ने पैरालंपिक में भाग लिया है, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 10–10 लाख रूपये की राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कल वैश्विक पटल पर देश और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले पैरालंपिक 2024 खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सतत् रूप से कार्य करेगी। इस अवसर पर सांसद श्री वी.डी. शर्मा सहित जन–प्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की कई खेलों में विजयी पताका लहरा रही है। चाहे ओलंपिक खेल हों या पैरालंपिक–2024 के मुकाबले हों, भारतीय मेधा की गूंज पूरे विश्व तक पहुंची है।

**सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर में 27 सितम्बर को होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। कॉन्क्लेव की तैयारियों पर कल हुई एक बैठक में बताया गया कि 27 सितम्बर को सागर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पांच देशों, मंगोलिया के राजदूत और थाईलैंड के महावाणिज्यदूत सहित ईरान, केन्या, अल्जीरिया आदि के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में सागर संभाग के प्रमुख क्षेत्रीय उद्योगों जैसे पीतल, अगरबत्ती, फूड इंडस्ट्रीज, टूरिज्म, बीड़ी और फर्नीचर के उद्योग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया गया कि पन्ना में मिलने वाले हीरे की कटिंग के लिए राज्य सरकार उपयुक्त व्यवस्था करेगी।

**मोदी 3.0–युवा शक्ति सशक्तिकरण**

मोदी सरकार ने केंद्र ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। सरकार ने इस अवधि के दौरान देश की युवाशक्ति के सशक्तिकरण के लिए तमाम प्रयास किये हैं। केंद्र सरकार ने कौशल बढ़ाने और रोजगार पैदा करने के लिए प्रधान मंत्री पैकेज के तहत 2 लाख करोड़ रुपये की घोषणा की। इस कदम से देश के 4 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होने वाला है। केंद्र ने पेपर लीक को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने

के लिए सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम लागू किया। मोदी 3.0 सरकार ने 10 हजार 600 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विज्ञान धारा योजना को मंजूरी दी। यह योजना देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी। इस अवधि के दौरान, सरकार ने मादक द्रव्य निषेध सूचना केंद्र, मानस हेल्पलाइन–1933 शुरू की है, जहां नागरिक नशामुक्ति के बारे में सलाह ले सकते हैं।

नरसिंहपुर जिले के किशोरी लाल सेन का कहना है कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

## भूतपूर्व सैनिक सहयोग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सैनिकों के युद्ध या युद्ध के लिए जाते हुए और अन्य कारणों से हादसों में शहादत पर प्रत्येक शहीद सैनिक के परिवार को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सैनिक बोर्ड की 20वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युद्ध या सैनिक कार्यवाही में दिव्यांग होने पर दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढ़ाकर दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर एक करोड़ रूपए तक करने, शहीद के माता–पिता को मिलने वाले मासिक अनुदान को दोगुना करने, शहीद और दिव्यांग सैनिकों की बहन और बेटी के विवाह के लिए 10 हजार के स्थान पर 51 हजार की राशि देने, सैनिक परिवार के मध्यप्रदेश निवासी माता–पिता जिनकी पुत्री सशस्त्र सेना में हो उन्हें भी प्रतिवर्ष 10 हजार के स्थान पर दोगुनी सम्मान निधि देने के निर्णय शामिल हैं। प्रदेश में भूतपूर्व और वर्तमान सैनिकों सहित सैनिक परिवारों के सदस्यों की संख्या लगभग 4 लाख है।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इसके लिये ईव्ही–तरंग नाम से पोर्टल भी विकसित किया गया है। प्रदेश के 3 शहरों भोपाल, इंदौर और जबलपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा दिये जाने के लिये 217 ई–चार्जिंग स्टेशन के विकास का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने और सुविधाजनक बनाने के लिये 20 नगरीय निकायों में परिवहन कंपनियों का गठन किया गया है। पीएम ई–बस के लिये विभाग द्वारा निविदा जारी की जा चुकी है। प्रदेश के 15 शहरों में अमृत योजना के अंतर्गत बस सेवा संचालन द्वारा बसों में यात्रियों की सुविधा के लिये आईटीएमएस उपकरण, इनमें जीपीएस, कैमरा, यात्री सूचना तंत्र एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिये पैनिक बटन की सुविधा दी गई है।

## राज्य स्तरीय जूडो

गुना के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में 68 वीं राज्य स्तरीय जूडो 14 एवं 17 वर्ष बालक और बालिका प्रतियोगिता का कल समापन हुआ। जूडो प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग सर्वाधिक मेडल 13 गोल्ड, 5 सिल्वर और 8 कास्य जीतकर ऑल ओवर चैम्पियन बना। उधर, 14 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में ग्वालियर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बालक 17 वर्ष में प्रथम भोपाल संभाग और बालिका 17 वर्ष में प्रथम ग्वालियर संभाग रहा।

## मौसम

प्रदेश में निम्न दाब क्षेत्र के असर से अगले 3 दिन तेज बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आज इंदौर, उज्जैन–जबलपुर समेत प्रदेश के 31 जिलों में तेज

बारिश का अलर्ट है। दक्षिणी हिस्से के जिलों जैसे– बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, सिवनी और पांढुर्णा में भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट है। अगले 24 घंटे में सीहोर, खंडवा, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, छिंदवाड़ा, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में गरज–चमक और बारिश होने का अनुमान है। इससे पहले कल भी इंदौर, जबलपुर, भोपाल समेत 11 जिलों में बारिश हुई।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 27 सितंबर शुक्रवार को किया जायेगा।
- राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का स्थापना दिवस आगरमालवा जिले में 'मेरे भारत के लिए युवा एवं डिजीटल साक्षरता के लिए युवा' थीम पर हर्षोल्लास से मनाया गया
- डिंडोरी में मिशन शक्ति 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला अस्पताल में आयोजित किया गया।
- राजगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह की शुरूआत की गई। यह अंतर्राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह 29 सितम्बर तक चलाया जाएगा।
- सिंगरौली जिले में कलेक्टर ने 2 पटवारियों को दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये हैं।
- खण्डवा में कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों, अधिकारियों और दर्शकों ने भी स्वच्छता की शपथ ली.
- बालाघाट में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत चलित खाद्य सुरक्षा वाहन के जरिये जिले के समस्त विकासखंडों में खाद्य प्रतिष्ठानों से फूड सेम्पल लिए जा रहे है।
- छिन्दवाड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्रित कर विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम निर्माण को लेकर राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यशाला का आयोजन किया गया.
- रीवा में प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में एनएसएस के छात्र–छात्राओं द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम' के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में विशेष रूप से गमलों, कोरिडोर, और ऑंगन के स्टेज की सफ़ाई की गई।
- शिवपुरी जिले में आयुष्मान पखवाडे के अंतर्गत शहरी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक झांसी तिराहा का शुभारंभ विधायक देवेन्द्र जैन द्वारा किया गया।
- बैतूल में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बैतूल विकासखंड के ग्राम बांसपानी पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन नल जल योजना का औचक निरीक्षण किया।
- पन्ना जिले में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह मनाया जाएगा।

- मुरैना के सिविल हॉस्पिटल जौरा में आईसीटीसी द्वारा आशा कार्यकर्ताओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

....................................